तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जुलाई 2024

11 बरसों पुराना सपना सीएम साय कर रहे पूरा, 77 ...



12 पर्यटन व दर्शनीय स्थलों में आई बहार जान जोखित...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc.(N)

M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 9926129192

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com

# सावन के पहले सप्ताह में ही आधा भर गया तांदुला जलाशय, बढ़ा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित तांदुला जलाशय इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहाँ लोगों की भीड़ बारिश में तांदुला का जल भराव देखने को पहुंच रहे हैं। हालांकि तांदुला जलाशय ओवरफ्लो नहीं हुआ है, फिर भी पर्यटक बरसात के मौसम का आनंद उठाते नजर आ रहे हैं।

जिले में बीते एक हफ्ते से लगातार मूसलाधार बारिश का दौर जारी है, जिसके कारण नदी नाले सब उफान पर हैं, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं, प्रमुख जलाशयों में शामिल तांदुला, खरखरा, गोंदली और मटियामोती बांध में पानी की कमी दूर होते देखी जा सकती है। प्रमुख जलाशयों में शामिल तांदुला जलाशय का जल का भराव आधे से अधिक पहुंच गया है, बीते एक हफ्ते की बारिश में तांदुला का जल भराव 30 फिट तक पहुंच गया, जो कुल जल भराव का 50 प्रतिशत माना जाता है, जबकि 09 फिट जल भराव के बाद ही ओवरफ्लो देखने को मिलेगा, क्योंकि 38.50 फिट जल भराव के बाद ही ओवरफ्लो की स्थिति निर्मित होती है। वहीं, खरखरा जलाशय में कुल 20.40 फिट पानी का भराव दर्ज किया गया है, जहाँ 30 फिट जल भराव के बाद ओवरफ्लो देखने को मिलता है। गोंदली और मटियामोती बांध में पानी की कमी दूर होते देखी जा सकती है। वहीं, संभावना जताई जा रही है कि आगामी दिनों तक जल का भराव पूर्ण हो जाएगा और बहुत जल्द तांदुला जलाशय में ओवरफ्लो की स्थिति देखने को मिलेगी, हालांकि इस बीच तांदुला से भिलाई स्टील प्लांट के लिए पानी छोड़ा गया है।

## सुहाने मौसम का आनंद लेने पहुंच रहे पर्यटक



### सबसे ज्यादा बारिश बालोद ब्लाक में

शनिवार को गुण्डरदेही ब्लाक में 19.5 मिली मीटर वर्षा, बालोद ब्लाक में 50.1 मिली मीटर वर्षा, गुरूर ब्लाक में 33.7 मिली मीटर वर्षा, डौण्डीलोहारा ब्लाक में 13.9 मिली मीटर वर्षा, डौण्डी ब्लाक में 10.1 मिली मीटर वर्षा, अर्जुन्दा ब्लाक में 23.1 मिली मीटर वर्षा, मारऐं बंगला देवरी में 12.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।





**बना आकर्षण का केंद्र:** रिमझिम बारिश और तांदुला जलाशय का लहर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहाँ पर्यटकों की भीड़ जल भराव को देखने के साथ ही छुट्टी व्यतीत करने पहुंच रहें है, जो वीडियो ग्राफी, फोटो ग्राफी और प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त उठाते जलाशय के तट पर देखे जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### घरों में घुसने लगे सांप-बिच्छू

**बालोद।** लगातार हो रही बारिश के कारण रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।



घरों में बारिश का गंदा पानी घुस रहा है। वहीं, सांप व बिच्छु घरों में प्रवेश करने लगे हैं। शनिवार को शहर के नयापारा में एक वार्डवासी के घर में बिच्छू प्रवेश कर रहा था, जिसे देखकर मकान मालिक व कुछ युवकों ने उसे बाहर निकाला और घर से दूर ले जाकर मारा। आपको बता दें कि मानसून लगने के बाद से जहरीले सांप तथा बिच्छु अपने ठिकाने को छोड़ सुरक्षित ठिकाने की तलाश में घरों तक प्रवेश कर रहे हैं और लोगों को डंक मार रहे हैं। इससे पूर्व भी घरों में घुसे सांप को सुरक्षित पकड़ जंगल में छोड़ने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

### रानीतरई के पास रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश

**बालोद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम जुंगेरा के आश्रित ग्राम रानीतरई के पास रेलवे ट्रैक पर महिला की क्षत विक्षत हालत में शव बरामद किया गया है। शव शांति बाई 65 वर्ष की बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस शव बरामद कर जांच में जुट गई है। महिला ने आत्महत्या की या दुर्घटना है, इसकी जांच की जा रही है।

### भोथली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोथली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना गया।इस दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी बातों को आम जन के बीच ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच सुरेश कुमार साहू ,गिरवर साहु, खेमलाल यादव, हिंछा राम साहू ,अरुण साहू,उमेश साहू,केवल निषाद,हरिचरण साहू ,रूपचंद निषाद,कोमल ,भूषण साहू ग्रामीण जन उपस्थित थे। सरपंच तथा भाजपा कार्यकर्ता सुरेश कुमार साहू ने बताया कि पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक की बात करते हुए भारत के खिलाड़ियों को समर्थन देने की बात की। पीएम मोदी ने 'प्रोजेक्ट परी' का भी जिक्र किया।

## समस्या : ग्राम हीरापुर में बीते दो महीने से पानी की गहराई समस्या

# नल-जल योजना के बाद भी घर-घर नहीं पहुंच रहा पानी, ग्रामीण परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर में बीते दो महीने से पानी की समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। हालांकि यहाँ जल जल योजना के तहत चार साल पहले लाखों रूपये ख़र्च कर पानी टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन यह सुविधा लोगों को नहीं मिल पा रही है।



इसके कारण ग्रामीण बरसात के दिनों में भी पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर में चार साल पहले लाखों रूपये खर्च कर पानी टंकी और नल जल का कनेक्शन प्रत्येक घरों में लगाया गया था। लेकिन नल जल कनेक्शन के माध्यम से सभी के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके कारण ग्रामीण बहुत ही ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं और वैकल्पिक माध्यम से पानी की पूर्ति करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी के माध्यम से लगभग तीन वर्ष तक पानी घरों में पहुंच रहा था। लेकिन, टंकी निर्माण में लापरवाही बरतने के कारण पानी का रिसाव होने लगा है, जिससे खतरा उत्पन्न हो गया है। बीते कुछ महीनों से पानी बहुत ज्यादा गंदा आने लगा है, जिसके कारण ग्रामीण इसका उपयोग पेयजल के रूप में करने के लिए कतराने लगे हैं। वहीं, ग्रामीणों ने बताया की घटिया पाइप लाइन का काम होने के कारण कई जगहों से पानी का लीकेज देखने को मिलता है।

### टैंकर से पहुंचाया जा रहा पानी

ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या होने की जानकारी दी गई। उसके बाद टैंकर के माध्यम से उस मोहल्ले में पानी पहुंचाया जा रहा है। मोहल्लेवासियों की मांग पर बोर खनन किया गया, जहाँ का पानी गंदा आने पर पीएचई विभाग को पानी जांच के लिए भेजा गया है। पानी की जांच रिपोर्ट आना बाकी है।

- **कुलेश्वरी ठाकुर,** सरपंच, ग्राम पंचायत हीरापुर

### नल में नहीं आता पानी, कभी आता भी है तो गंदा रहता है

ग्रामीण दीपक साहू ने बताया कि गांव के आबादी पारा में न तो नल जल योजना द्वारा लगाए गए नल में पानी आता है और न ही ग्राम पंचायत द्वारा लगाए नल में पानी आता है। यह समस्या बीते दो महीनों से बनी हुई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत को कई बार अवगत कराने पर ग्राम पंचायत द्वारा मोहल्ले में पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है, जिसके बाद भी मोहल्ले में पानी समस्या की खत्म नहीं हो रही है। वहीं, हैंडपम्प को भी नहीं बनाया जा रहा है। मोहल्ले वासियों को टैंकर के माध्यम से पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों को एक दिन के पानी को दूसरे व तीसरे दिन भी पीना पड़ता है। ग्रामीण सुभाष साहू ने बताया कि नल के माध्यम से पानी कभी कभी घरों पर आता है, जो गंदा और पीने लायक नहीं रहता है। जिसके कारण पडोसी के घर से पैसों में लेकर पानी पी रहे हैं।

# वेस्ट जोन चैंपियनशिप में छाए रहे जिले के खिलाड़ी, जीते 15 पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मध्यप्रदेश के देवास में हुई जु जित्सू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता

जु जित्सू मार्शल आर्ट वेस्ट जोन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए बालोद जिले के 9 खिलाड़ियों ने अलग-अलग इवेंट में 6 स्वर्ण, 4 रजत एवं 5 कांस्य पदक के साथ कुल 15 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। जु जित्सू टीम के मुख्य प्रशिक्षक सुरेश शांडिल्य ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन देवास (मध्य प्रदेश) के तुकाजीराव पवार इंडोर स्टेडियम में 19 जुलाई से 21 जुलाई तक किया गया था। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम 46 किग्रा में खिलेश्वर साहू ने फाइटिंग में स्वर्ण एवं नेवजा में कांस्य पदक, 60 किग्रा में सौम्य सलामे ने फाइटिंग में कांस्य एवं नेवाजा में रजत पदक, 57 किग्रा में वैष्णवी सोनी ने फाइटिंग में स्वर्ण एवं नेवाजा में स्वर्ण पदक, 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में 44 किग्रा में याना शांडिल्य ने कांटेक्ट में रजत पदक प्राप्त किया। इसी तरह 50 किग्रा में रविकांत गजेंद्र ने फाइटिंग में स्वर्ण पदक, 21 वर्ष से कम वर्ग समूह में 77 किग्रा में आर्यन साहू ने फाइटिंग में स्वर्ण एवं नेवाजा में स्वर्ण पदक, 45 किग्रा में गायत्री यादव ने नेवाजा में रजत पदक, 52 किग्रा में टिंकल गजेंद्र ने फाइटिंग में कांस्य एवं नेवाजा में कांस्य पदक, 63 किग्रा में प्रांजलि शांडिल्य ने फाइटिंग में रजत एवं कांटेक्ट में कांस्य पदक जीत हासिल किए। जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बालोद जिला जु जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश सोनी के मार्ग दर्शन में पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में विजेता खिलाड़ियों को फूल माला पहनाकर, मेडल सर्टिफिकेट प्रदान कर हुए स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भारतीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष सौरव लूनिया, जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ बालोद के जिला अध्यक्ष कमलेश सोनी, शाहिद खान, अमित चोपड़ा, सुरेश निर्मलकर, नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, पंकज आहूजा, अजय बाफना, महेश पाठक, संतोष गजेंद्र सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

# खेतों में भरा पानी, कृषि कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पौधों के खराब होने का बढ़ा खतरा

जिले में बीते एक हफ्ते से लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आने लगा है, वहीं खेतों में बहुत ज्यादा पानी भर जाने के कारण कृषि कार्य भी प्रभावित होने लगा है, जो किसानों के लिए मुसीबतों का कारण बना हुआ है।

बरसात के मौसम बारिश का होना आम बात है, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी बारिश का नहीं थमना आम लोगों के साथ ही किसानों के लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बना हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण नदी नालों में उफान देखने को मिल रहा है और खेत खलिहान लबालब भर चुके हैं। तालाबों में जलभराव ज्यादा होने के कारण ओवरफ्लो की स्थिति निर्मित हो चुकी है, जो अब लोगों के लिए मुसीबतों का कारण बना हुआ है।



**झमाझम बारिश के कारण पिछड़ा कृषि कार्य:** खेतों में पानी का भराव बहुत ज्यादा होने के साथ ही लगातार बारिश और पानी का तेज बहाव का होना कृषि कार्यों के लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बना हुआ है। ज्यादातर खेतों में निंदाई, रोपाई, खाद डालने के साथ ही दवाईओं का छिड़काव कर पाना मुश्किल साबित हो रहा है, जिसके कारण किसान बहुत ही ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। जबकि कुछ किसान पठारी क्षेत्रो में जैसे तैसे पानी निकासी की सुविधा कर निंदाई और रोपा लगवाने में जुटे हुए हैं। लेकिन धारी खेतों में रोपा लगाना या लाइचोपी माध्यम से खेती कर पाना मुश्किल साबित हो रहा है, क्योंकि पानी का बहाव बहुत ही ज्यादा नजर आ रहा है। वहीं, अधिकांश किसान मौसम नहीं खुलने के कारण किसान खाद व कीटनाशक दवाई का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। इसके कारण कृषि कार्य पिछड़ा नजर आ रहा है। वहीं, कई खेतों में लगा धान पानी के तेज बहाव की चपेट में आने के कारण बर्बाद होने कीकगार पर है।

कृषक कार्तिक राम साहू ने बताया कि बीते दस दिनों से हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी का भराव बहुत ही ज्यादा है। धान पानी में डूब चुके हैं, जिसके कारण खेतों में खाद या दवाई का छिड़काव कर पाना संभव नहीं है। किसान ऐनु राम साहू ने बताया कि खेतों की जोताई व मताई कर छोड़ दिया गया है बारिश बंद होने के बाद ही लाइचोपी माध्यम से धान की बोवाई कर पाना संभव होगा।

किसान टिकेश्वर साहू ने बताया कि समय रहते बारिश बंद नहीं हुई, तो फसल बर्बाद हो जाएंगे, वहीं खेतों में पानी का भराव बहुत ज्यादा होने के कारण और पानी का बहाव तेज होने के कारण खेतों में धान की रोपाई करना मुश्किल साबित हो रहा है जिसके कारण कृषि कार्य पिछड़ने लगा है।

हरिभूमि

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें


9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# डा. साहू ने बच्चों को कराया न्योता भोज



डौंडीलोहारा। समीप के शासकीय प्राथमिक शाला कसही में डॉ. धर्मेंद्र साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को न्यौता भोज कराया । न्यौताभोज में चावल ,दाल, सब्जी, व खीर ,पुरी परोसा गया।खीर पुरी खाकर सभी बच्चे खुश हुए। विद्यालय प्रबंध समिति की उपस्थिति में डॉ. साहू का जन्मदिन मनाया गया। सभी पदाधिकारी स्टाफ के लोगों ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला परिवार की ओर से शाल व श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर आत्माराम खरे ,कृपाराम साहू, रोहित चंदन मलागर, उत्तम साहू, डोमन लाल सोरी ,यशवंत साहू ,खेमन कुंजाम , कृष्णा राम साहू ,सूकवारो बाई ,घसनीन साहू ,शांति बाई साहू, प्रधान पाठक शैलेंद्र कुमारी साहू, शीतल कुलदीप, मीना कुंजाम, ललेश्वरी, मुनिया आदि उपस्थित थे।




**पैरामेडिकल, स्वास्थ्य कर्मचारी, हॉस्पिटल प्रबंधन में चयन हेतु आवेदन सूचना 2024-25**

**कार्यालय संचालक, मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ती हेतु संस्थान एक, दो एवं तीन वर्षीय विश्वविद्यालयिन पाठ्यक्रम (NSQF अधीन UGC धारा 22 (3) भारत सरकार अंतर्गत) में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ के विभित्र जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में कुल 960-960 सीटों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है-

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | एक्सरे टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ऑप्टोमेट्री टेक्नीशियन | डायलिसिस टेक्नीशियन | कार्डियक केयर टेक्नीशियन | हॉस्पिटल मैनेजमेंट | हॉस्पिटल स्ट्रेलाइजेशन टेक्नीशियन | पेशेंट केयर मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| धमतरी | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| बिलासपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| सरायपाली | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| जांजगीर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |

**Diploma, Advance Diploma, B.Voc. By LU, UGC Approved Under Section 22 (3) of UGC Act, 1956 Notified in Govt. of India** आवेदन हेतु पात्रता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण साथ ही महिला एवं पुरुष जिनकी न्युनतम आयु 17 वर्ष हो । आवेदन हेतु 12वीं में न्युनतम प्रतिशत अ.ज.जाति हेतु 42% अन. जाति हेतु 45% अन्य पि. वर्ग 50% एवं सामान्य हेतु 50% हो । दिव्यांगजन, सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित हैं एवं मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत कर्मीयों को सीधे प्रवेश । आवेदक निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को टाईप कर स्वयं स्पष्ट रूप से भरे साथ ही 30/- का डाक टिकट चस्पा किये गये 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का स्पष्ट पूरा पता, पिनकोड सहित आवेदन पत्र के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा भेजे।

**कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 24/8/2024 है।**

**डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि 12/8/2024 है।**

**नोटः मेरिट लिस्ट के अनुसार चयनित उम्मीद्वार को काल लेटर, ईमेल, वाट्सअप एवं मोबाईल मेसेज द्वारा सूचित कर दी जाएगी।**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**कार्यालय का पूरा पता । क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर (छ.ग.)**

प्रति,

**संचालक**

**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर, (छ.ग.)**

महोदय,..............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

आवेदक का नाम..............................

पिता/पति का नाम..............................

जन्म तिथि ..............................

वर्ग अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐

पत्र व्यवहार का पता ..............................

.............................. पिन कोड ..............................

मो. नं. .............. व्हाट्सएप नं. .............. पालक का मो. नंबर..............

कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण वर्ग ..............................में प्राप्त अंक ..............................

कुल प्रतिशत ..............................मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं. ..............................

हस्ताक्षकर ..............................पालक का हस्ताक्षर ..............................

पासपोर्ट साइज फोटो

## खबर संक्षेप



### धनेली में शेड व पेवर ब्लाक का हुआ लोकार्पण

**गुरूर।** ग्राम धनेली में शनिदेव मंदिर के पास तालाब पार में नवनिर्मित शेड तथा पेवर ब्लाक का लोकार्पण के साथ ही हाई स्कूल तालाब पार में महिला गार्डन में पौधारोपण कार्य तथा किचन शेड निर्माण हेतु दानदाताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण लाल साहू थे। विशेष अतिथि सभापति महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत गुरूर राजेश्री यादेश्वर क्षत्रिय, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत धनेली गोविंद राम साहू, उपसरपंच, पंच उपस्थित थे।

### हाई स्कूल घीना में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** शनिवार को शिक्षा सप्ताह का छठवाँ दिवस के अंतर्गत ग्राम घीना के हाई स्कूल में इको क्लब दिवस का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम पर विद्यालय में पौधारोपण किया गया। बच्चों ने अपने माँ के साथ आकर विद्यालय परिसर में पौधे रोपे। साथ ही पौधारोपण अपने अपने खेतों व घेरा वाले स्थानों में पौधे रोपने संबंधी संदेश दिया गया। प्राचार्य एमएल ठाकुर ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई तथा बच्चों से सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र तथा एक चुटकी मिट्टी भी लाई गई है। इस उच्च कार्यालय को भेजी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं ग्रामीण बच्चों सहित उपस्थित रहे।

### इनकम टैक्स अधिवक्ता 54.80 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ ऐप से इंकम टैक्स अधिवक्ता से साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318( 4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

---

**बैठक**

**ग्रामीण मंडल बालोद की बैठक जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

# सभी सरपंच, जनपद व जिपं सदस्य भाजपा के हों : पवन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रामीण मंडल बालोद की बैठक जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में हुई। बैठक के दौरा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने लक्ष्य रखा कि पंचायत का हर सरपंच जनपद का हर सदस्य जिला पंचायत का हर सदस्य भाजपा का हो, इसी टैगलाइन को लेकर के हम सब चले।

मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू के दिशा निर्देश में आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि राज्य में सरकार बनाने के पश्चात केंद्र में भी हमारी सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव होने हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार हो जाएं। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जिस दिन से भाजपा की सरकार बनी है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी की लगभग आधे से अधिक घोषणाओं को बहुत कम समय में पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया है। कार्यक्रम को राकेश यादव (छोटू) जिला महामंत्री, सुरेंद्र देशमुख और जगदीश देशमुख ने भी संबोधित किया। जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया एवं ग्रामीण महामंत्री दानेश्वर मिश्रा ने बताया कि बैठक में शोक संतप्त भाजपा परिवार के कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई, जिसका वाचन अरुण साहू ने किया। अंतिम वक्ता छगन देशमुख ने आगामी संगठन के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बैठक में जितेंद्र साहू, कृतिका साहू, प्रकास नाहर, पालक ठाकुर, दुर्जन साहू, अशवन बारले, विकास साहू, देवधर साहू, प्रकाश रात्रे, मणिकांत बघेल, बहुर नेताम, लीलाराम डड़सेना, गणेश साहू, रश्मि साहू, हरिश्चंद्र साहू, द्रोपदी वर्मा, छगन देशमुख(छोटू), पूनम साहू, रमशीला साठिया, छगन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष प्रेम साहू ने दिया, संचालन मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णकुमार वर्मा ने किया। व्यवस्था में महामंत्री चित्रसेन साहू लगे रहे।

### अंजोरा मण्डल कार्यसमिति की बैठक में बनाई गई कार्ययोजना



**अंडा।** दुर्ग जिला अंजोरा मण्डल कार्यसमिति की बैठक अटल समरसता भवन अंजोरा में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर वर्किंग प्लानिंग बनाई गई।

इसके साथ ही निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। स्वागत भाषण मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू ने दिया और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव मंडल महामंत्री पुराण देशमुख ने रखा। भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू संसद में दिए गए अभिभाषण का सारांश अंजोरा मंडल प्रभारी संतोष सोनी ने राजनितिक प्रस्ताव नारायण साहू व प्रदेश कार्य समिति योजना कि प्रमुख बातें पूर्व ज़िला सहकारी समिति बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन अंजोरा मंडल प्रभारी संतोष सोनी, सह मंडल प्रभारी नीलेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---




# धोबी रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ धोबी समाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

धोबी रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग धोबी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इनके साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम सिंह निर्मलकर एवं सभी प्रदेश संभागीय जिला पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जब समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम सिह ने धोबी (रजक) समाज को अनुसूचित जाति ने जोड़ने का मांग पत्र सौंपा, तो श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास को बढ़ावा देते हुए समाज विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र का निर्माण होता है, समाज की मांग अनुसूचित जाति मे शामिल आरक्षण कर लाभ मिले मांग पत्र पर विचार करेंगे, साथ ही विभिन्न सामाजिक मांग को पूरा करेंगे। इस दौरान धरम लाल कौशिक, राष्ट्रीय रजक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, विश्राम रजक भी उपस्थित थे।

विश्राम रजक ने कहा कि धोबी एक जाति है, न कि पद, परंतु राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया में धोबी पद सृजन कर आरक्षण को विभाजित करने से धोबी जाति के लोगों का शोषण हो रहा है। धोबी रजक जाति का जीवन स्तर ऊंचा उठाने अन्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ सरकार धोबी(रजक) जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने राज्य सरकार से प्रस्ताव पारित कर अनुशंसा भारत सरकार को भेजने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सुरेश निर्मलकर किया।

---

### डौंडीलोहारा में हुआ बाल संस्कार शाला आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में बाल संस्कार शाला आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें 25 भावी आचार्यों ने प्रशिक्षण ग्रहण किए। प्रशिक्षक मिलन सिन्हा ने बाल संस्कार शाला के महत्व और आवश्यकता बताते हुए कहा कि समाज को नई दिशा और दशा देना है तो छोटे छोटे बालकों में नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान भरना होगा। अतः यह संस्कार शाला बहुत ही सार्थक सिद्ध होता है। प्रशिक्षक पीलू राम साहू एवं विरेन्द्र साहू ने प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से गीत, कहानी, महापुरुषों का प्रेरणा प्रद प्रसंग, जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने के उपाय, योग प्राणायाम आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में कमकापार,खपराभाट, खैरकट्टा, डौंडीलोहारा, सिरपुर गांव से आचार्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक भोलाराम साहू, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा, पुराणिक लाल सोरी ,ओमप्रकाश केसरा,तीरथ अटल ,विशम्भर बघमरिया, विदेशी राम चौहान, शिवेंद्र झारिया,खेमिन झारिया, सावित्री कंवर,कौशिल्या बघमरिया आदि का विशेष सहयोग रहा।

### मां कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम में आज होगा शिवजी का जलाभिषेक

**डौंडीलोहारा/बालोद।** चौकी छुरिया क्षेत्र के करीब 300 शिवभक्तों की टोली रविवार को कंधे पर कांवड़ लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए पाटेश्वर धाम के लिए रवाना हुए हैं।

रविवार को ग्राम रेंगाडबरी में कांवड़ यात्री रात्रि विश्राम कर सुबह भंवरमरा होते हुए सावन माह के दूसरे सोमवार 29 जुलाई को सुबह 11 बजे पाटेश्वर आश्रम पहुंच कर कोशल्या धाम में स्थापित भगवान शिव जी का जलाभिषेक कर महाप्रसादी ग्रहण करेंगे। जामड़ी पाटेश्वरधाम के संत श्रीराम बालक दास जी महात्यागी सुबह 7 बजे सैकड़ों कांवड़ियों के साथ रेंगाडबरी पहुंच कर कांवड़ यात्रियों की अगवानी करेंगे। संत श्रीराम बालक दास महात्यागी ने क्षेत्रवासियों व श्रद्धालु भक्तों से इस कांवड़ यात्रा में शामिल होने की अपील की है।



# पीएम मोदी की मन की बात सुनने से हर किसी को मिल रही प्रेरणा : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे रैक पॉइंट के मजदूरों के साथ सुना रेडियो कार्यक्रम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जुलाई माह के अंतिम रविवार को आयोजित 112 वें एपिसोड को भाजपा शहर मंडल द्वारा रेलवे रैक पॉइंट के मजदूरों के साथ स्थानीय रेलवे माल गोदाम में सुना गया।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत पेरिस ओलंपिक से की। इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं, पीएम मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड के विजेताओं को बधाई दी और संवाद भी किया। उक्त अवसर पर बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से पता चलता है कि उन्हें देश के हर क्षेत्र की चिंता है। उनके मन की बात में देश के छोटे-छोटे क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों, उनकी उपलब्धियों से देश अवगत हो रहा है। इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिल रही है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पार्षद कमलेश सोनी, सुरेश निर्मलकर, संतोष कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, महेश पाठक, कैलास बिसाई, पिंटू सारथी, मुरली साहू, रमेश यादव, देवेन्द्र साहू सहित रेलवे रैक पॉइंट के लगभग 260 मजदूर साथी विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

# शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना शिक्षा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के संजयनगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना विद्यांजलि के विषय में जानकारी देते हुए नयी शिक्षा नीति 2020 के जानकारी देने हेतु शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस टी एल एम, द्वितीय दिवस एफ एल एन, तृतीय दिवस खेल गतिविधि, चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक गतिविधि, पंचम दिवस डिजिटल पहल, छठवें दिवस न्यूट्रिशन डे व ईको क्लब और सातवें दिवस सामाजिक सहभागिता दिवस के रूप में मनाया गया।

सामाजिक सहभागिता दिवस में पालकों की उपस्थिति में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू योजना बनाया गया।सभी पालकों को व्याख्याता लवण कुमार के द्वारा शिक्षा सप्ताह मनाये जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। मंचासीन शिक्षकों डुप्ले साहू, संगीता पटेल, रवीन्द्रनाथ योगी के द्वारा आज के कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्रदान किया गया।कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया।पालक पवन बंबोडे ने शिक्षा में पालक के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर ने पालकों से घर में भी बच्चों को पढ़ाई व दिनचर्या निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। संचालन हेमंत साहू व आभार ज्ञापन भूपेंद्र पटेल ने किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ पालक उपस्थित थे।

**पूरे सप्ताहभर विविध गतिविधियों का किया गया आयोजन**

# पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में मनाया गया शिक्षा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में गुरु पूर्णिमा एवं शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा टी एल एम का प्रदर्शन किया गया। द्वितीय दिवस पर एफ एल एन दिवस मनाया गया । इस अवसर पर एस एम सी के सदस्य एवं माताओं को आमंत्रित किया गया।

जिसमें माताओं को एफ एल एन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और बच्चों को घर में किस प्रकार बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कराया जाए, इसके लिए उन्हें बच्चों के साथ गतिविधी करवाते हुए जागरूक किया गया। गतिविधी पश्चात स्मार्ट माता का चयन किया गया। तृतीय दिवस खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों के बारे में बताया गया। इस दौरान कंचा, फुगड़ी, और ग्रामीण स्तर के खेल कराए गए। उसके बाद बच्चों को अनुलोम- विलोम, सूर्यासन आदि अभ्यास कराए गए। चतुर्थ दिवस में सांस्कृतिक दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत बच्चों के द्वारा गीत, कविता एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पांचवें दिन कौशल एवं डिजिटल पहल के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। वहीं, शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को डिजीटल माध्यम से कविता ,कहानी एवं शिक्षाप्रद जानकारियां दी। बच्चों ने डिजिटल सामग्रियों के मॉडल भी प्रस्तुत किया गया। षष्ठम दिवस मिशन लाइफ/ईको क्लब दिवस पर शाला में ईको क्लब का गठन कर शपथ ग्रहण करवाया गया एवं शाला परिसर में शिक्षक,बच्चों और पालकों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। सप्तम दिवस सामुदायिक भागीदारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक, स्थानीय समुदाय, जन प्रतिनिधि, पालक एवं एसएमसी के सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों को शाला विकास कार्ययोजना के क्रियान्वयन में सहभागिता के लिए आग्रह किया गया।

**ओबीसी महासभा ने 22 बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री के नाम विधायकों को सौंपा ज्ञापन**

# लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण अविलंब लागू करे राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं में संख्या के बराबर हिस्सेदारी प्रदान करने बाबत विधानसभा सत्र के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक जगदलपुर किरण देव ,धमतरी विधायक ओंकार साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ,पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित अनेक विधायकों के माध्यम से 22 बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव के सहयोग से विधानसभा सत्र का अवलोकन किया गया। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ बैठक कराकर ओबीसी के हित संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अनेक बिंदु पर चर्चा की गई। इसके साथ ही ओबीसी के 22 बिंदु मुद्दे पर सरकार को 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक में राज्यपाल के हस्ताक्षर किए जाने की मांग दोहराई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश गौरव, प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल एवं ओबीसी युगलकिशोर, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश सचिव घनश्याम साहू एवं अजय चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू ,वेद प्रकाश चंद्राकर, बालोद जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ओबीसी भगवती, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कांति मौर्या, प्रदेश सहसचिव द्वय मनसुखदास साहू, पुनेश्वर देवांगन, बालोद जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, जिलाध्यक्ष सक्ति खेमराज कश्यप सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नागरिकों की समस्याएं जानने उनके वार्डों में ही पहुंच रहा नपा प्रशासन



■ नगरीय निकायों में लगाए जा रहे हैं जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनकी वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 01 शहीद भगत सिंह एवं वार्ड क्रमांक 20 इंदिरा वार्ड के निवासियों के लिए आयोजित शिविर में राशन कार्ड बनाने के लिए कुल 26, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 26, प्रधानमंत्री आवास योजना आवास निर्माण हेतु कुल 07, पेयजल से संबंधित 09, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 05, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 12 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 87 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

शिविर में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के लिए वार्ड क्रमांक 01 दुर्गा मंच के पास आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त 35 आवेदन पत्रें में से 32 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड क्रमांक 04 एवं 05 के लिए सामुदायिक भवन वार्ड 05 के पास आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 06 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। नगर पंचायत अर्जुंदा में वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के लिए निषाद सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 01 में आयोजित शिविर में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 03 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 के लिए वार्ड नंबर 01 दुर्गा चौक में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 12 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। नगर पंचायत चिखलाकसा में आयोजित शिविर में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## खबर संक्षेप



### शासकीय विद्यालय कनेरी के छात्रसंघ अध्यक्ष बने निहिल

**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेरी में छात्र संघ पदाधिकारियों का गठन किया गया। इसमें शाला अध्यक्ष के रूप में निहिल कुमार 12वीं, उप शाला नायिका तुलसी साहू, क्रीड़ा सचिव साक्षी, सांस्कृतिक सचिव पूनम एवं छात्र प्रतिनिधि डिनिशा तथा तेजस्वी सिन्हा को मनोनीत किया गया। छात्रसंघ के पदाधिकारियों को संस्था के प्रभारी प्राचार्य बीआर ठाकुर द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला सुर्रा में सामुदायिक सहभागिता को लेकर हुआ कार्यक्रम



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुर्रा में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक डीएल साहू द्वारा सामुदायिक सहभागिता पर विस्तापूर्वक बातें बताई गई। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केदार साहू, विश्राम साहू तथा एसएमसी प्राथमिक शाला के सदस्य उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला प्रभारी प्राचार्य उशा कामड़ी द्वारा उपस्थित अतिथियो का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के बाद न्योता भोज आरएचओ गजेन्द्र साहू, सीएचओ निकिता हिरवानी, एसपीएचसी सुर्रा एवं पंचायत सचिव छगन लाल द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को खीर, पूड़ी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

### मकान में दो दिन पुरानी मिली लाश, मर्ग कायम

**भिलाई।** मकान में दो दिन पुरानी लाश मिलने से सनसनी पैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव को मरचूरी भेजा गया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम बेरला तिराहा अहिवारा निवासी कमल ढीमर की लाश शनिवार की सुबह मकान में जमीन में पड़ी मिली। मृतक घर में अकेला रहता था। माता-पिता की पूर्व में मौत हो चुकी थी। मृतक का तीन वर्ष पत्नी से तलाक हो गया है।

## समाज कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर से अयोध्याधाम जाने निकले

# बरसों पुराना सपना सीएम साय कर रहे पूरा, 77 यात्रियों का दल रामलाल दर्शन के लिए हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ श्रीराम के जयकारे से बना भक्तिमय वातावरण

भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्याधाम जाना हम सभी का सौभाग्य है। बरसों पुराना हमारा यह सपना आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्या के लिए प्रस्थान करने के पूर्व श्रद्धालुओं ने कहा कि इस योजना के तहत हम श्रद्धालुओं को भगवान राम की पावन नगरी अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर से जिले के 77 श्रद्धालुओं का दल आज श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के द्वारा आज सुबह समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर से श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। जहाँ से वे






योजना के तहत संचालित रेल के माध्यम से अयोध्या हेतु प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेदाम ने श्रद्धालुओं से भरी बसों को हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के जयकारों से भक्तिमय माहौल का निर्माण कर यात्रा को रोचक एवं उत्साहपूर्ण बना दिया।

श्री रामलला दर्शन अयोध्याधाम योजना के तहत अयोध्या जा रहीं बालोद के आमापारा निवासी प्रतिभा यादव ने कहा कि वे शासन की इस योजना से बहुत खुश हैं इसके माध्यम से अयोध्या जाकर भगवान श्री राम के दर्शन करने की बरसों पुरानी उसकी इच्छा पूरी होनी जा रही है। उन्होंने कहा कि



वह प्रतिदिन रामायण पाठ करती हैं। प्रतिभा यादव अपने अयोध्या धाम की यात्र को लेकर बहुत ही उत्साहित नजर आ रही थी।

छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की सराहना ग्राम टेकापार के श्रद्धालु शत्रुघन साहू, खुबलाल साहू और बलदाऊ साहू ने भी की है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत सौभाग्य का विषय है कि वे आज इस योजना के माध्यम से अयोध्या जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके गांव से बड़ी संख्या में लोगों ने अयोध्या जाने हेतु आवेदन किया है, जिसमें उनका चयन अयोध्या जाने के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार उन्हें भगवान के घर का दर्शन करा रही है, जिससे वे बहुत खुश हैं।

### घरेलू कार्य में व्यस्त रहतीं थीं सरकार ले जा रही दर्शन कराने

इसी प्रकार बालोद की द्रौपति पवार और संतोषी ने कहा कि हम घरेलू महिलाएं और हमेशा घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं। लेकिन शासन द्वारा इस योजना के तहत हमें अयोध्याधाम दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इसके माध्यम से हमारे वर्षों पुराना सपना पुराना होने जा रहा है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाई डॉ कलाम की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि 27 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा बालोद में मनाई गई। डॉ कलाम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि डॉ कलाम देश को परमाणु शक्ति से संपन्न करने वाले महानायक थे। प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि डॉ कलाम का मानना था कि किसी राष्ट्र में शांति तभी स्थापित हो सकती है, जब वह देश शक्तिशाली हो।

पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि डॉ कलाम जैसी महान विभूति युगों युगों में ही पैदा होते हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि डॉ कलाम के कार्य एवं व्यवहार सदियों सदियों तक मानव समाज का पथ प्रदर्शक रहेगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने मुस्लिम समाज से डॉक्टर अब्दुल कलाम जैसे राष्ट्रभक्त को देश का राष्ट्रपति बनाया, जिसके लिए मुस्लिम समाज सदैव भारतीय जनता पार्टी का आभारी रहेगा।

इस कार्यक्रम में महामंत्री राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख, उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, मंत्री शरद ठाकुर, कृतिका साहू, जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, हमीद अहमद खान, काफिलुद्दीन, अब्दुल इब्राहिम, जितेंद्र साहू, प्रेम साहू, इमरान खान, जावेद तिगाला, फिरोज कुरैशी, असरार अहमद, वीरेंद्र साहू, वसीम तिगाला, खुर्शीद सिद्दीकी, गजेंद्र यादव, संतोष साहू, नदीम बडगूजर, रमेशजैन, नरेंद्र लुंकड़, राजू भंसाली, ने जिला चिकित्सालय में जाकर सैकड़ो मरीजों को फल व बिस्किट वितरण किया।

# पंचायत चुनाव में सफलता के लिए लोगों से मेल मिलाप बढ़ाने पर जोर

दक्षिण मण्डल स्तरीय विस्तृत कार्यसमिति बैठक में दुर्ग विधायक ने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



दक्षिण मण्डल स्तरीय विस्तृत कार्यसमिति बैठक 28 जुलाई को जैन भवन जामगांव आर आयोजित की गई। मुख्य वक्ता दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, सह वक्ता भाजपा जिला मंत्री मंडल प्रभारी रोहित साहू थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने की। पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रूप सिन्हा, मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी की विशेष उपस्थिति रही, मंडल उपाध्यक्ष द्वय टेसराम साहू, अंगेशवर साहू, मंडल पूर्व कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद बघेल, गायत्री यादव, भानुप्रिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय ठाकुर, कामता प्रसाद साहू, सांसद प्रतिनिधि मेघनाथ सागरवंशी, जागेश्वर शुक्ला, कन्हैया लाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने स्वागत भाषण में 45 ग्राम पंचायत के 85 हजार जनता को लाभान्वित करने वाली राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के 8 वर्ष बाद भी जामगांव आर को ब्लाक घोषणा अभी तक नहीं होने की बात बड़ी मुखरता के साथ रखी। विधायक गजेंद्र यादव ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष ने दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव से कहा कि जामगांव आर भाजपा मंडल क्षेत्र को आप गोद लेकर समस्याओं का सतत निराकरण करते रहे।

दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सफलता के लिए छत्तीसगढ़ की भाईचारा संस्कृति के लिए विख्यात तीज त्योहार में कार्यकर्ता भरपूर मेल मिलाप बढ़ाने सजगता पूर्वक सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि समस्या मंडल अध्यक्ष के मार्फत मुझ तक भिजवाए हर संभव हल का प्रयास होगा।

### 3 माह में आने वाले त्योहारों की दी जानकारी

भाजपा जिला मंत्री मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि प्रत्येक त्योहार को मनाने में भाजपा कार्यकर्ता अग्रणी भूमिका निभाकर मेल मिलाप बढ़ाए, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सफलता का आधार मजबूत करे। उन्होंने 3 माह में होने वाली तीज त्योहार की तिथि से भी अवगत कराए। बेलहारी उपसरपंच मनीष चंद्राकर एवं अंगशेवर साहू ने कार्यकर्ताओं की अपेक्षा से दुर्ग विधायक को अवगत करारया। इस अवसर पर संजय चंद्राकर, खुमान जांगड़े, अरुण चंद्राकर, उज्ज्वल केला, पूर्णेंद्र सिन्हा, मनीष जैन, देवानंद देवांगन, नरेंद्र धर्मगुड़ी, द्रोण चंद्राकर, दानीराम वर्मा, सीताराम साहू, मुकेश ठाकुर उपस्थित थे।

# 20 वर्ष की सेवा शून्य की स्थिति में होने से शिक्षिका को 25 साल नौकरी के बाद पेंशन मिलेगी मात्र 2312 रु प्रति माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने नियमों में परिवर्तन की फिर उठाई मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक बीरबल देशमुख, रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेंद्र देवांगन, कामता प्रसाद साहू, संतोष देवांगन, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुण्डरदेही राजेन्द्र देशमुख, गुरूर अध्यक्ष सूरज गोपाल गंगबेर, डौंडी अध्यक्ष गजेन्द्र रावटे, डौंडीलोहारा अध्यक्ष अविनाश साहू सहित सभी पदाधिकारियों ने बताया कि 21 अगस्त 1998 से पंचायत विभाग में शिक्षा कर्मी के पद पर नियुक्त ललिता यादव, व्याख्याता (एल बी) शिक्षा विभाग में अपनी सेवा की 25 वर्ष सेवा पूर्ण कर जिले के डौंडीलोहारा विकास खंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राणाखुज्जी से 31 जुलाई 2023 को सेवानिवृत्त हुई हैं।

शिक्षा विभाग के नियमों के चलते विभाग में पुरानी पेंशन के लिए 10 वर्ष सेवा बंधन के कारण बिना पुरानी पेंशन के लाभ के बाजार आधारित एनपीएस में अति न्यून



पेंशन 2312 रुपये पेंशन पाने मजबूर हो गई। टीचर्स एसोसिएशन ने कहा शिक्षिका ललिता यादव,एलबी संवर्ग के लिए संविलियन तिथि को ही पेंशन योग्य स्थापना तिथि मानने के चलते पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित रह गई व एनपीएस पर कुल जमा राशि का 60 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान उपरांत शेष 40 प्रतिशत राशि पर एनएसडीएल द्वारा अधिकृत सेक्टर द्वारा उनके लिए मात्र 2312 रूपये मासिक पेंशन निर्धारित किया गया है, जिसका माह अगस्त से भुगतान होगा। 1998 से नियुक्त शिक्षा कर्मियों के संविलियन के पूर्व के सेवा को लाभ के लिए गणना नहीं करने से 20 वर्ष की सेवा शून्य की स्थिति में है। सबसे ज्यादा नुकसान 1998 से नियुक्त शिक्षा कर्मियों को हुआ है! इसी प्रकार क्रमशः नियुक्त सभी शिक्षक अपने संविलियन के पूर्व की सेवा लाभ से वंचित है। टीचर्स एसोसिएशन ने कहा यह पहला ऐसा कर्मचारी संवर्ग जिनके लिए 24/25 वर्ष की सेवा के बावजूद क्रमोन्नति का प्रावधान भी नहीं हो पाया। सेवानिवृत्ति का क्रम जारी है, पर अभी भी पेंशन, क्रमोन्नति, विसंगति जस के तस है। प्रदेश में नियमों के फेर में बिना पुरानी पेंशन के 2028 से पूर्व हजारों शिक्षक एल बी रिटायरमेंट हो जाएंगे व वे भी एनपीएस के तहत बहुत कम पेंशन से गुजारा करने मजबूर होंगे। पुरानी पेंशन में आ रही विसंगति प्रथम नियुक्ति तिथि से लागू कर शिक्षक संवर्ग को पूर्ण पेंशन का लाभ न देने से सभी कर्मचारी भविष्य को लेकर चिंता चिंतित है।

### सरकार जल्द ले निर्णय

सभी पदाधिकारियों ने कहा कि संविलियन के पूर्व पंचायत विभाग की सेवा का गणना कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के अनुसार पेंशन निर्धारण व ग्रेच्युटी का लाभ शिक्षक एल बी संवर्ग को प्रदान करने सरकार अतिशीघ्र निर्णय लेकर कर्मचारियों के भविष्य की चिंता दूर करे।






# जिले की कई ग्राम पंचायतें बनेंगी मॉडल ग्राम पंचायत

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप जिले के 03 हजार से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत का मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत बालोद जिले के ग्राम पंचायत कुसुमकसा, सम्बलपुर (लो), कचांदुर, सिकोसा, कवर, मिर्रीटोला, पेण्डरवानी, पलारी, अरकार एवं अरमरीकला को मॉडल ग्राम पंचायत के लिए चयनित किया गया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में डॉ. कन्नौजे ने सबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों को मॉडल ग्राम पंचायत के कार्य योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। यहां अधोसंरचना के कार्यों के अलावा आंगनबाड़ी, भवन, बाजार निलामी तथा नियमित करों का आरोपण के साथ–साथ निजी घरों एवं शासकीय भवनों में सोख्ता गड्ढा एवं व्यावसायिक परिसर का निर्माण के लिए कमेटी गठित की जाएगी।

# राष्ट्र एवं समाज के निर्माता होते हैं गुरुजन



हरिभूमिन्यूज ▶▶| बालोद

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल बालोद में आयोजित गुरू पूर्णिमा समारोह में शामिल हुए कलेक्टर

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे समाज में गुरू का स्थान सर्वोच्च एवं अत्यंत सम्मानीय है। चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे मनीषियों ने गुरू की तुलना ईश्वर से कर समाज में गुरू की महत्ता एवं प्रासंगिकता को रेखांकित किया है।

कलेक्टर चन्द्रवाल सोमवार 22 जुलाई को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद में आयोजित गुरू पूर्णिमा समारोह में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि गुरू एवं शिक्षक राष्ट्र एवं समाज के निर्माता होते हैं, जो विद्यार्थी रूपी कच्ची मिट्टी को एक जिम्मेदार नागरिक एवं बेहतर इंसान के रूप में सुंदर स्वरूप में ढाल देते हैं। समारोह में शाला परिवार द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले एवं अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। समारोह में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी अनुराग द्विवेदी सहित संस्था के प्राचार्य अरूण कुमार साहू एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।




### सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का किया गया सत्यापन

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड 03, स्टेनोटायपिस्ट, वाहन चालक, भृत्य, अर्दली, चौकीदार, फर्रास, प्रोसेस सर्वर के कुल 91 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। दस्तावेज सत्यापन के नोडल अधिकारी सुरेश साहू ने बताया कि जनदर्शन कक्ष में सहायक ग्रेड 03 एवं स्टेनो टायपिस्ट कक्ष क्रमांक 35 में वाहन चालक कक्ष क्रमांक 31 में भृत्य, कक्ष क्रमांक 44 में अर्दली/फर्रास, कक्ष क्रमांक 53 में चौकीदार, कक्ष क्रमांक 43 में प्रोसेस सर्वर पदों के लिए अभ्यर्थियों का सत्यापन किया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पिकरीपार में किया गया पौधारोपण

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला पिकरीपार में छायादार व फलदार वृक्षों का रोपण कर उनके देख रेख एवं सुरक्षा का संकल्प लिया गया। साथ ही यहां के सरपंच चंदा साहू व जनप्रतिनिधियों ने गांव के मुक्ति धाम में बरगद, पीपल व अशोक झाड़ एवं अन्य छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सरपंच चंदा साहू, प्रधान पाठक लीलाराम साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष राधेलाल साहू, शिक्षक चुम्मन लाल साहू, गजेंद्र साहू, लुकेश्वरी, जमुना, हीरा, भगवती, रामेश्वरी, ननकी, शेखर साहू, कुलेश्वरी, व्यासनारायण, श्यामलाल सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों व छात्रों ने देखी विस कार्यवाही



**गुरूर।** ग्राम बोहारा में स्कूली बच्चों के साथ ग्राम पंचायत के पदाधिकारी तथा ग्रामीणों को विधायक संगीता सिन्हा के मार्गदर्शन में विधानसभा की कार्यवाही से रूबरू कराया गया। जिसके बाद बच्चों के साथ ग्रामीण व पदाधिकारियों ने विधायक के साथ फोटो भी ली। वहीं, सभी ने विधायक संगीता सिन्हा के प्रति इस यादगार लम्हे पर आभार व्यक्त किया।

### शासकीय विद्यालय गुंडरदेही में मना कारगिल विजय दिवस



**बालोद।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही रासेयो ईकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के सम्मान में देशभक्ति गीत मनीषा, प्राची, सुहानी, खुशी, सैन्या, पोसिका, खिलेश्वरी, महिमा, हर्ष, गौरव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्राचार्य एके सेन चौधरी, ओपी.साहू, मिथलेश चन्द्राकर, शीतल ठाकुर, संजय शुक्ला उपस्थित रहे। सर्व प्रथम स्वामी विवेकानन्द व शहीदों के तस्वीर की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ओपी साहू ने शहीदों की शौर्य गाथा व भारत के प्रति सेना का समर्पण व सुरक्षा व हमारे सामाजिक दायित्व पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य ने कारगिल युद्ध के संबंध में जानकारी दी। संजय शुक्ला ने कारगिल युद्ध में सेना के पराक्रम व शौर्य गाथा पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन केएस.कुल्हारे कार्यक्रम अधिकारी व मिथलेश चन्द्राकार व्याख्याता ने किया। बच्चों ने अपने भाषण प्रस्तुत किए देश की सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, सभी ने पंचप्रण शपथ ली। व्याख्याता शीतल ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

लापरवाही : जिले के प्रसिद्ध स्थल सियादेवी मंदिर क्षेत्र में बड़ी संख्या में पहुंच रहे सैलानी

# पर्यटन व दर्शनीय स्थलों में आई बहार जान जोखिम में डाल रहे कई पर्यटक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन व दर्शनीय स्थलों में बरसात के आगमन के साथ ही मौसम सुहाना होते ही पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है। जो मौज मस्ती और फोटो ग्राफी के चक्कर में जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं, वहीं मंदिर प्रबंधन व प्रशासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

सियादेवी मंदिर एक दंडकारण्य वनांचल क्षेत्र है, माना जाता है कि यहां वनवास काल के दरमियान भगवान श्री राम, लक्ष्मण व माता जानकी का आगमन हुआ था, इसलिए लिए यह मंदिर बहुत ही ज्यादा प्रसिद्ध है। मंदिर प्रांगण में सियादेवी माता के साथ ही लव कुश, शंकर पार्वती, राम लक्ष्मण, हनुमान और माता सीता के अलावा अनेक देवी देवताओं की मुर्तिया स्थापित है, इसके अलावा स्टाप डेम, झरना और प्राकृतिक मनोरम दृश्य लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है, जिसके कारण हजारों की संख्या में पर्यटकों की भीड़ सियादेवी मंदिर में दर्शन के लिए पहुँच रही है।

### झरना बनाआकर्षण का केंद्र

सियादेवी मंदिर का प्राकृतिक झरना लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है, जो फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी के साथ ही मौज मस्ती के लिए प्रसिद्ध स्थल जो झमाझम बारिश होने के बाद से मनमोहक झरना प्रारम्भ हो गया है। झरने की कल कल की ध्वनि लोगों को आकर्षित कर रही है, साथ ही स्टाप डेम में लबालब पानी भराव होने के कारण ओवरफ्लो की स्थिति निर्मित हो गईं है, जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक वादियों के बीच बसे हरे भरे घने जंगल लोगों का मन मोह रहा है।

### जान जोखिम में डाल झरने में नहाते दिखे पर्यटक

पर्यटकों की भीड़ जान जोखिम में डाल कर झरने के तेज बहाव में नहाते और फोटो ग्राफी करते नजर आ रहे हैं। लेकिन, पर्यटकों को मौज मस्ती करने से रोकने वाला कोई नहीं है। इसके कारण पर्यटक झरने में नहाते और कूदते नजर आ रहे हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण सकता है, क्योंकि झरने का बहाव बहुत ज्यादा है और पत्थरों में फिसलन है। इसके बावजूद लोग फोटो ग्राफी और मौज मस्ती के चलते जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गईं है। इसके कारण पर्यटकों की भीड़ सैकड़ों की संख्या में जान जोखिम में डाल झरने और नाले में नहाते व फोटो ग्राफी करते नजर आ रहे हैं। यदि सावधानी नहीं बरती गई, तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

### अरमरीकला-मोहारा पहुंच मार्ग जर्जर

**गुरूर।** ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम अरमरीकला से मोहारा पहुंच मार्ग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया गया मार्ग पिछले दो महीने से जर्जर हो गया है। इसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार उक्त मार्ग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया गया है, जिसमें मार्ग में पुल डाला गया है, जहां पुल के पास सड़क नीचे जमीन में धंस गई है। इसके कारण 5 से 6 फीट गहरा गड्ढा हो गया है, जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हम ग्रामीणों को दैनिक कार्यों एवं अन्य सामग्रियों के लिए अरमरीकला जाना पड़ता है। किंतु मार्ग पर पिछले महीने भर से पुल के पास सड़क धंस गई है जिसके चलते कभी भी दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में सरपंच दीपधा साहू ने बताया कि सड़क की समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया गया है।




# कन्या शाला अर्जुंदा में हुईं जिलास्तरीय खेल स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

68 वां वेटलिफ्टिंग एवं शतरंज स्कूल गेम का जिला स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय कन्या शाला अर्जुन्दा में हुआ। जहां जिले के गुरुर, बालोद, डौण्डी, डौंडीलोहारा एवं गुण्डरदेही ब्लॉक से कुल 250 से ज्यादा खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षक शामिल हुए।

शतरंज में जिले के अलग–अलग ब्लॉक से अंडर 14, 17 एवं 19 के कुल 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें अलग अलग वर्ग से 30 बालक बालिका का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ एवं वेटलिफ्टिंग से अंडर 17 एवं 19 में कुल 80 खिलाड़ी सामिल हुए, जिसमें 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में 24 बालक बालिका का चयन हुआ जिसमें 11 खिलाड़ी नगर पंचायत अर्जुंदा से चयनित हुए।

समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा चंद्रहास देवांगन के द्वारा सभी विजेता एवं चयनित खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में जिला खेल समन्वयक स्वप्न कुमार जेना एवं सभी विकासखण्ड के व्यायाम शिक्षक एवं प्रभारी शिक्षक शामिल हुए। स्थानीय विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा भोजन की व्यवस्था सभी खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर व्यायाम शिक्षकों के लिए की गई थी। प्रतियोगिता का संचालन पीटीआई अश्वनी पटेल ने किया। जिला स्तरीय स्कूल खेल का आयोजन नगर पंचायत अर्जुन्दा में पहली बार किया गया।

### हाई स्कूल जगतरा की छात्राओं को मिली सायकिल



**गुरूर।** हाई स्कूल जगतरा में निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की बालिकाओं को सायकिल वितरण किया गया। वितरण के दौरान बालिकाओं के पालक भी उपस्थित थे। पूर्व सरपंच गिरधारी लाल यादव ने सभी बालिकाओं को सायकिल प्रदान करने पर हर्ष व्यक्त किया। साईकिल वितरण के दौरान पूर्व सरपंच गिरधारी यादव व प्राचार्य केएस कटेन्द्र उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के डिजिटल पहल कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को आधुनिक डिजिटल तकनीकों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर में पालकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

# शेष जिंदगी, विशेष जिंदगी कार्यक्रम में दिखा बुजुर्ग महिलाओं का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन ने किया आयोजन

छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन का अनूठा तीन दिवसीय कार्यक्रम शेष जिंदगी विशेष जिंदगी की थीम पर आयोजित किया गया। समाज की 60 वर्ष से ऊपर के माहेश्वरी महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम महेश्वरी भवन बालोद में प्रादेशिक उपाध्यक्ष संगीता टुवानी, संगीता टावरी, पल्लवी टावरी, किरण काबरा, ज्योति राठी एवं प्रेमा काबरा के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बड़ी उम्र की महिलाओं में छुपी प्रतिभा को उभारना तथा बची हुई जिंदगी को आनंद के साथ कैसे बिताया जा सकता है इसकी एक झलक प्रस्तुत करना था। महिलाओं के मनोरंजन हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन खलों मे उन खेलों को प्राथमिकता दी गई जो बचपन में खेला करते थे। खेलों के साथ स्वस्थ कैसे रहें, बढ़ती उम्र मे स्वयं को फिट कैसे रखें इसके लिए योग सिखाए गए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से 111 महिलाओं के साथ अखिल भारतीय महामंत्रनी ज्योति राठी, संयुक्त मंत्री अनीता जवांधिय, प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, प्रदेश सचिव रूपा मुंद्रा सहित सभी पदाधिकारी, सदस्य जिला पदाधिकारी, बालोद के पंचायत के सदस्य एवं युवा मंच के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बालोद माहेश्वरी महिला मंडल, युवा मंच एवं महेश्वरी पंचायत के सदस्यों का सहयोग रहा।

# विधायक संगीता ने थाने में दिया अघोषित धरना, 4 घंटे बैठी रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ एक महिला के आवेदन पर अपराध कायम नहीं किए जाने का मामला



एक महिला के आवेदन पर अपराध कायम नहीं किए जाने की जानकारी मिलने पर विधायक संगीता सिन्हा गुरुर थाना पहुंच गई और वहीं चार घंटे तक डटी रहीं। विधायक के थाना में अघोषित धरना देने की सूचना पर गुरुर सहित बालोद जिला के कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी भी गुरूर थाना पहुंचने लगे। विधायक के चार घंटे तक थाना में बैठने के बाद प्रार्थी महिला के आवेदन पर अपराध कायम किया गया।

मामला गत 12 जुलाई को नगर में हुए व्यवसायिक परिसर तोड़फोड़ से जुड़ा हुआ है। प्रभावित व्यावसायी के परिवार द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्षद के साथ झूमाझटकी एवं कथित तौर पर मारपीट की घटना हुई थी। इस दौरान गाली गलौज करने व बेइज्जती करने का आरोप लगाते हुए वहां उपस्थित प्रेरणा साहू ने गुरुर थाना में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। प्रेरणा साहू का आरोप था कि पार्षद कुंती सिन्हा पर उसके साथ गाली गलौज की एवं धक्का देने व उसके दामाद अनुराग जैन पर बेइज्जत करने की नीयत से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। प्रेरणा साहू ने बताया कि मैंने ऑनलाइन शिकायत करने के बाद लिखित शिकायत गुरुर थाना में की, लेकिन मेरी शिकायत पर गुरुर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की।

प्रेरणा साहू ने इसकी जानकारी विधायक संगीता सिन्हा को दी। विधायक संगीता सिन्हा मामले में की गई कार्यवाही की जानकारी लेने थाना पहुंचीं, लेकिन जब कोई कार्यवाही नहीं होने की जानकारी मिली तो उन्होंने वहीं डेरा डाल दिया। संगीता सिन्हा 11.30 से लगातार 4 घंटे से अधिक थाने में ही बैठी रहीं। संगीता सिन्ह प्रेरणा साहू के आवेदन पर कार्यवाही करने के बाद ही जाने की बात करने लगी। उसके बाद जिला मुख्यालय पहुंची, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, महामंत्री रतिराम कोसमा, नगर पालिका बालोद अध्यक्ष विकास चोपड़ा दल बल के साथ गुरुर थाना पहुंच गए। उसके बाद पुलिस प्रशासन ने कुंती सिन्हा व अनुराग जैन के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 74, 296, 115(2), 3(5) के तहत अपराध कायम किया तब जाकर विधायक संगीता सिन्हा व कांग्रेस कार्यकर्ता वापस गए।

### पीएम श्री प्राथमिक शाला विनायकपुर में पालक ने कराया न्योता भोज



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में कक्षा चौथी में अध्ययनरत हेमराज बारले के पिता हेमन्त बारले ने कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया। श्री बारले की बेटी पायल बारले 12 वीं में 74 प्रतिशत और चन्द्रप्रभा बारले 10 वीं में 92 प्रतिशत के साथ चन्द्रप्रभा बारले का युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में चयन हुआ है। वर्षा बारले का चयन राष्ट्रीय साधनसह प्राविण्य सूची परीक्षा में हुआ है। तीनों बच्चों की कामयाबी की खुशी में हेमन्त बारले द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोजन के रूप में खीर एवं शाला प्रबंधन समिति एवं सभी समस्त स्टाफ के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की।

# सशिमं खर्रा में हुआ बाल भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में गतिविधियों के सफल संचालन के लिए भैया बहनों का बाल भारती का गठन किया गया। अध्यक्ष लिपिका मरकाम, उपाध्यक्ष प्रियांशु पटेल, मंत्री खिलावन पटेल, उप मंत्री याचना साहू, सेनापति नेवेंद्र साहू, उप सेनापति कुमकुम साहू को बनाया गया। शिशु भारती के विभाग प्रार्थना प्रमुख मीनाक्षी पटेल, रेशमी ठाकुर, शारीरिक युगल किशोर, स्वच्छता एवं सज्जा उमंग साहू, चिकित्सा दीक्षा ठाकुर, अनुसासन निहाल सिंह, बागबानी हिमांशी, पेयजल वरुण साहू, खोया पाया भौतिक सेन, सांस्कृतिक एवं रंगमंच वर्षरानी साहू, पुस्तकालय नोयांस अतिथि दीपांशु साहू, भोजन भावना टंडन, जीवानंद साहू, विसर्जन प्रमुख याचना कुमकुम, निहाल, गुमान सिंह को जिम्मेदारी दिया गया है। बाल भारती एवं शिशु भारती के सभी पदाधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को वरिष्ठ आचार्य सुखीत राम कलिहारी, प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने कर्तव्य बोध से अवगत कराया। आचार्य कामता प्रसाद साहू ने सभी को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखीत राम कलिहारी, आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, बीना साहू, तुमेश्वरी पटेल लिलेश्वरी साहू, छबीलता पटेल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी व विभाग प्रमुखों के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

### जान से मारने धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** जान से मारने धमकी देने वाले को पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 74,78, 296, 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी कुलेश्वर मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ महिला ने शिकायत किया था कि उसके आते-जाते गाली-गलौज कर अश्लील हरकत करता था। इसे लेकर कुलेश्वर को कई बार महिला ने समझाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी महिला की बातों को दरकिनार कर उल्टा जान से मारने की धमकी दे डाली।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# बच्चे वही सीखते हैं, जो देखते व सुनते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ संत ऋषभ सागर जी महाराज ने दिया प्रवचन

अच्छा परिवार एवं संस्कारी परिवार तो सभी चाहते हैं किंतु इसकी प्राप्ति किसी साधना से कम नहीं, अच्छा परिवार के लिए अच्छे गुणों के संस्कार बचपन में ही डेवलप करना पड़ता है।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे शिविर के 7वें दिन अपने प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि परिवार के बड़ों में ही प्रेम, त्याग, सहनशीलता, अनुशासन, विश्वास और एक दुसरे को सहयोग देने का भाव हो तो बच्चों में भी उसका प्रभाव पड़ता है।

बच्चे तो जल्दी सीख जाते हैं मुझे लगता है सुधार की आवश्यकता बड़ों में ज्यादा होती है, क्योंकि बच्चे वही सीखते हैं, जो देखते हैं और सुनते हैं। अच्छा परिवार एवं सुखी परिवार, परिवार जनों के संयुक्त प्रयास से ही संभव है। परिवार में सभी सदस्यों के विचारों में समानता हो ऐसा संभव नहीं होता किन्तु प्रेम और सामंजस्य से सब का दिल जीता जा सकता है। अच्छा परिवार बनाने के लिए त्याग और समर्पण करना पड़ता है। निजी स्वार्थ और अहंकार का त्याग करना पड़ता है। सारे विवाद की जड़ स्वार्थ और अहंकार ही होता है, बच्चों के व्यवहार में विनय और विवेक हो इसका प्रशिक्षण भी घर से तथा बड़ों के व्यवहार से ही दिया जा सकता है। इसलिए घर के बड़े सदस्य अपने व्यवहार में इसे लाएं। स्वर्ग जैसा सुख और शांति धरा पर लाना कठिन जरुर है पर असंभव नहीं। चातुर्मास में 68 दिवसीय इकासना के अतिरिक्त अन्य तपस्याएं भी चल रही है। संत श्री के दर्शन वंदन एवं प्रवचन का लाभ लेने दल्ली राजहरा से संघ के सदस्य पहुंचे थे, जिनका चातुर्मास समिति द्वारा बहुमान किया गया।

